बड़े लोगों का बचपन

लुडविग वान बीथोवेन

महान संगीतज्ञ

वो बड़ा होकर संगीत का एक जीनियस बना.

जब लुडविग को कदमों की आहट सुनाई दी, तो उसे सोए हुए कुछ ही क्षण हुए थे. निश्चित रूप से उसके पिता और मिस्टर फ़िफ़र अब शराब की दुकान से वापस आ रहे थे? फिर पैरों की आहट गली से उसके द्वार की ओर मुड़ी और फिर वे ऊपर आईं.

बिस्तर से फिसलते हुए, लुडविग ने अपनी नाइटशर्ट को खींचा और वो हलके से दूसरे कमरे में चला गया जिससे उसके दो युवा भाई नींद से न जगें.

लिविंग रूम में उसके पिता ने क्लैवियर पर एक मोमबत्ती जलाई, और मिस्टर फ़िफ़र ने की-बोर्ड के स्टैंड पर संगीत के कागज़ सज़ाए.

"आओ, बेटे," उन्होंने लुडविग से कहा. "देखें कि तुमने अपना सबक कैसे सीखा है."

और लुडविग क्लैवियर पर बैठ गया और उसे बजाने लगा.

लुडविग ने चार साल की उम्र में पहली बार कोई संगीत वाद्ययंत्र बजाया था. उसके पिता ने उसे क्लैवियर के सामने एक स्टूल पर लंबे समय तक खड़े रहना सिखाया था. अब जब मिस्टर फ़िफ़र उसे पढ़ा रहे थे, तो उसे नींद में बिस्तर से उठाया जाता था और रात में बहुत देर तक पढ़ाया जाता था.

माँ ने लुडविग का बचाव करने की कोशिश करते हुए कहा कि नौ साल के लड़के को और सोना चाहिए, लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ा. बहुत बार वो सूरज निकलने तक सीखता था. कोई आश्चर्य नहीं कि जब वो स्कूल जाता, तो वहां वो मूर्ख और आलसी लगता था.

बीथोवेन परिवार हमेशा से संगीतकार रहे थे. लुडविग के दादा, जिनसे वो बेहद प्यार करता था, इलेक्टर के दरबार में चैपल मास्टर रह चुके थे और उसके पिता इलेक्टर सर्विस में एक गायक थे.

18वीं शताब्दी में वियाना की तरह बॉन भी संगीत का एक महान केंद्र था. ऑस्ट्रियाई शाही परिवार ने सभी प्रकार के गायकों और वादकों को नियुक्त किया. दुर्भाग्य से, वो संगीतज्ञों को अच्छा वेतन नहीं देते थे और लुडविग के पिता अपने परिवार को समृद्ध बनाने के लिए अपने बेटे पर निर्भर थे, जैसा कि मोजार्ट के बच्चों ने किया था.

मिस्टर बीथोवेन युवा लुडविग को देर रात तक शिक्षक मिस्टर फ़िफ़र से संगीत सीखने के लिए जगाते थे.

जब लुडविग नोट्स पढ़ने के लिए संघर्ष कर रहा था, तो वो खुश था कि कल रविवार नहीं था. रविवार को उसे अल्पसंख्यकों के चर्च में प्रार्थना के दौरान ऑर्गन बजाना था. वो कभी समय पर नहीं उठ पाता था!

शायद कल स्कूल के बाद, वो चैपल ऑर्गन पर अभ्यास के लिए फ्रांसिस्कन मठ में पादरी विलीबाल्ड के पास जाए. पादरी ने लुडविग को उसके खुद के संगीत का अभ्यास करने की अनुमति भी दी थी.

ओह, वो भूल रहा था कि कल मिस्टर रोवंती के साथ उसका एक पाठ था. इस बीच, उसे यह अभ्यास समाप्त करना होगा. काश वो इतनी नींद में न होता!

जब लुडविग 11 वर्ष का था, तब उसके मित्र रोवंती की मृत्यु हो गई. फिर उसकी बहन अंतिम संस्कार के बाद लुडविग के परिवार के साथ रहने आई और वो लुडविग और उसकी मां को अपने साथ हॉलैंड ले गई.

ठंड के दिन वे एक नाव में सवार होकर राइन से रॉटरडैम के लिए रवाना हुए. न तो लुडविग और न ही उसकी मां ने गर्म कपड़े पहने थे. फिर मिसेज़ बीथोवेन को लुडविग के पैरों को लगातार रगड़ना पड़ा ताकि वो ठंड से बच पाए. वो खुद कमजोर थीं और ठंडी हवा ने उनकी खांसी को और खराब कर दिया था.

वहां पहुंचकर, लुडविग ने अमीर लोगों के घरों में संगीत का प्रदर्शन दिया. उसे बहुत प्रशंसा मिली लेकिन ज्यादा पैसा नहीं मिला. फिर उसने कहा, "डच बड़े कंजूस होते हैं और मैं फिर कभी हॉलैंड नहीं आऊंगा."

30 वर्ष की आयु तक बीथोवेन व्यावहारिक रूप से पूरी तरह बहरा हो गया था और उसे संगीत को अपने दिमाग में सुनना पड़ता था.

बॉन में वापस, लुडविग ने पाया कि अब उसके स्कूल के दिन समाप्त हो गए थे. पिता चाहते थे कि वो अपना सारा समय संगीत को ही दे. अपनी मर्ज़ी से वो नीफे, कोर्ट ऑर्गेनिस्ट का शिष्य बन गया, और वहां उसने इतनी तेज़ी से प्रगति की कि 1782 में उसे कोर्ट थिएटर ऑर्केस्ट्रा में कंडक्टर और हार्पसीकोर्ड वादक के रूप में पहली नौकरी मिली.

दो साल बाद, अपने शिक्षक की मदद से, वो सहायक कोर्ट आर्गेनिस्ट बन गया, और संगीत खेलने और रचना करने में अपने कौशल से उसने सभी को चकित कर दिया. नीफे ने लुडविग के स्वयं के संगीत को मुद्रित करते हुए कहा: "यह युवा प्रतिभा समर्थन का पात्र है उससे उसे यात्रा करने में मदद मिलेगी."

लेकिन कोई मदद नहीं आई. लुडविग के पिता ने बहुत अधिक शराब पी, और अपने कई विद्यार्थियों को खो दिया. माँ के पास देखभाल के लिए एक नई बच्ची थी और वो बहुत कमजोर थी. लुडविग ने अपने वेतन से पैसे बचाने की कोशिश की, लेकिन 16 साल की उम्र में ही वो वियाना जा सका. वहां वो अपने हीरो मोजार्ट के लिए खेलने जा रहा था.

मोजार्ट, लुडविग की प्रतिभा से इतना प्रसन्न हुआ कि वो उसे सिखाने को तैयार हो गया. लेकिन कुछ ही समय बाद मोजार्ट के पिता की मृत्यु हो गई और लुडविग ने सुना कि उसकी मां गंभीर रूप से बीमार थीं. इसलिए सबक छोड़कर लुडविग मरने से पहले अपनी मां को देखने के लिए सही समय पर घर पहुंचा. कुछ महीने बाद उसकी छोटी बहन की भी मौत हो गई.

लुडविग के लिए यह एक बहुत ही दुखद वर्ष था, लेकिन आगे उज्जवल भविष्य था. धनी वॉन ब्रूनिंग परिवार ने उससे मित्रता की और उसे लगभग अपने बेटे के रूप में माना. जल्द ही युवा काउंट वाल्डस्टीन उसके संरक्षक बन गए, और कुछ समय के लिए वो पैसों की चिंता किए बिना संगीत रचना करने में सक्षम रहा.

जब मोजार्ट ने पहली बार लुडविग को खेलते हुए सुना, तो उन्होंने कहा, "अपनी नज़र उस लड़के पर रखो, किसी दिन वो दुनिया को सोचने के लिए बाध्य करेगा." लगभग 200 साल बाद भी दुनिया बीथोवेन के बारे में बात कर रही है और अभी भी उनका संगीत सुन रही है.